DAINIK SAVERA 03 NOV 2015

कार्य पर खरे न उतरने वाले ठेकेदारों को इरा करेगी निष्कासित

नालों के निर्माण को जल्द पूरा करवाएं अधिकारी

नाले के निर्माण का जायजा लेते इरा के अधिकारी। (संसार)

जम्मू, 2 नवंबर (अश्विनी गुप्ता) : आर्थिक पुनर्निर्माण एजैंसी (इरा) के सी.ई.ओ. विनोद शर्मा ने कहा कि जो ठेकेदार या कंपनियां इरा के कार्य कर रही है। अगर उन्होंने अपने कार्य को सही प्रकार से न किया या वह अपने कार्य में खरे न उतरे से इरा उन्हें तुरंत प्रभाव से निष्कासित कर देगी। उन्होंने यह बात जम्मू में मेगा ड्रेनेज प्रोजैक्ट की समीक्षा के साथ दौरा करने के समय कही। सी.ई.ओ. ने छन्नी हिम्मत, डिग्यिाना, गंग्याल व ठंगर में इस परियोजना के तहत बन रहे बड़े नालों के निर्माण कार्य की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को साफ रूप से कंपनियों के कार्य की समीक्षा करने के लिए कहा और साथ ही निर्देश दिए कि बिना कार्य पूरा किए किसी भी कंपनी को कोई पैसा जारी न किया जाए। उन्होंने इस मौके पर इरा द्वारा तैयार की जा रही दो पेयजल परियोजनाओं की भी सी.ई.ओ. ने समीक्षा की। इन परियोजनाओं से डिग्यिाना, गंग्याल, ठंगर, डिग्यिाना आश्रम सहित छन्नी हिम्मत के करीब 20 किलोमीटर के क्षेत्र को पानी की सप्लाई की जाएगी। इस परियोजनाओं पर करीब 85 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे जबकि जिन नालों के प्रोजैक्ट की समीक्षा की गई उनके 8 किलोमीटर के क्षेत्र पर करीब 15.15 करोड़ रुपए इरा खर्च कर रही है। इसके साथ ही इरा दो अन्य पेजल परियोजनाओं पर भी काम कर रही है जिनमें ट्यूबवैलों सहित पूरे ढांचे पर करीब 70.76 करोड़ रुपए इरा द्वारा खर्च किए जाएंगे। इस मौके पर सी.ई.ओ. ने कहा कि नाले के निर्माण में आने वाली बाधाओं को दूर कर जल्द इस काम को पूरा किया जाए। इस मौके पर उनके साथ रविन्द्र रैना, एम.वाई मलिक, मंजीत कोतवाल व मनीश भट्ट सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।